तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 16 फरवरी 2025



12 भाजपा के इंद्रप्रसाद बघेल नारायणपुर नगर



12 12वीं के छात्रों के लिए आशीर्वाद एवं ...



चुनाव

## भाजपा का खत्म हुआ वनवास, कांग्रेस का किला ढहा

# कांकेर पालिक समेत जिले की तीन नपं में भाजपा की जीत व कांग्रेस का सूपड़ा साफ


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शहर की सत्ता के लिए तस्वीर स्पष्ट हो गई और तस्वीर स्पष्ट होते ही कांकेर जिले के एक नगरपालिका और तीन नगर पंचायत पर भाजपा के अध्यक्ष ने जीत हासिल किया वहीं केवल एक जगह चारामा नगर पंचायत में अध्यक्ष के पद पर कांग्रेस ने जीत हासिल किया। कांकेर नगरपालिका में आजादी के बाद आज तक कांग्रेस का कब्जा रहा, इस मिथक को इस बार भाजपा ने तोड़ दिया यानी भाजपा का वनवास खत्म हुआ और कांग्रेस के 73 साल के किला को ढहाने में अरूण कौशिक कामयाब रहे। परिवर्तन की लहर चली और शांत मतदातओं ने कांग्रेस के किले को ढहा दिया।

**खास बातें**

- 1952 से आज तक कांकेर नगरपालिका कांग्रेस के कब्जे में रही, 13 अध्यक्ष रहे
- कांकेर नगरपालिका के अरूण कौशिक 14वें अध्यक्ष निर्वाचित
- भाजपा के कई लंबे समय से बने आ रहे पार्षद के किले ढहे
- कांग्रेस के कई लंबे समय से बने आ रहे पार्षद को हार का करना पड़ा सामना

कांकेर नगरपालिका में कांग्रेस और भाजपा के ऐसे दिग्गज जो लंबे समय से पार्षद बनते आ रहे थे, उनके भी किले ध्वस्त हो गए। कांकेर नगरपालिका का अध्यक्ष पद 1952 से लगातार कांग्रेस के अध्यक्ष बनते आ रहा है, विगत दस वर्षो से जितेंद्र सिंह ठाकुर और उनकी पत्नी अध्यक्ष रही। अध्यक्ष पद के लिए परिवर्तन की ऐसी लहर चली कि कांग्रेस का किला पूरी तरह से ढह गया और भाजपा का वनवास खत्म हो गया। भाजपा प्रत्याशी को लेकर कई प्रकार की अफवाहें चली, परंतु मतदाताओं ने परिवर्तन को बहुत ही खामोसी से अंजाम दिया, यह खामोशी अंत तक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी को समझ में नहीं आया। मतदान के आंकड़ो के देखने से यह लगा कि लोग अध्यक्ष को बदलने का मन बना लिए थे, इसलिए 21 वार्डो में 19 वार्डो पर भाजपा आगे रही, वहीं कांग्रेस केवल 2 वार्डो पर आगे रही। मतदान के बाद तक लोग खुलकर आंकड़े नहीं बता रहे थे, केवल परिवर्तन की चर्चा थी, ऐसा परिवर्तन को कांग्रेस के अध्यक्ष ने नहीं सोंचा होगा।



### उदयनगर में हार आश्चर्यजनक

उदयनगर में भाजपा के अध्यक्ष के प्रत्याशी अरूण कौशिक निवासरत है, इस वार्ड में उनको बंपर वोट मिला, वहीं भाजपा के पार्षद प्रत्याशी संजीव सोनी को अध्यक्ष को मिले वोट से 157 वोट कम मिले और भाजपा पार्षद प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। उदयनगर से पार्षद की हार आश्चर्यजनक रही है, इस पर किसी को परिणाम आने तक विश्वास नहीं हो रहा था।



### मांझापारा में पहली बार सिंध समाज के प्रत्याशी की जीत

मांझापारा में सिंध समाज के अच्छे खासे परिवार निवासरत है, वैसे अधिकतम परिवार दूसरे वार्डो में जा चुके है, परंतु उनके रिश्तेदार आज भी मांझापारा में रह रहे है। इस वार्ड से जब भी सिंध समाज का प्रत्याशी मैदान में उतरता था, उसी समाज के आधे लोग विरोध करके हरवाने में कामयाब रहते थे। इस बार सिंध समाज से लड़ने वाले हितेंद्र खटवानी उर्फ बब्बू ने जीत हासिल कर इस वार्ड से उस तिलस्म को तोड़ा कि कभी सिंधी जीत नहीं सकता। इस बार भी कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव संचालन की जिम्मेदारी सिंधी समाज के एक परिवार को दिया, परंतु उसे हार का मुँह देखना पड़ा।

### शांतिनगर पर भाजपा का किला ढहा

शांतिनगर वार्ड में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हलधर साहू के परिवार का कब्जा लगभग 25 साल से था। इस बार उनको हार का सामना करना पड़ा। मजदूर संघ के पदाधिकारी ओमप्रकाश देवांगन को कांग्रेस ने मौका दिया और उन्होने पूर्व अध्यक्ष के जीत को तिलस्म को तोड़ते हुए कांग्रेस का परचम फहरा दिया। इसकी चर्चा परिणाम आने के बाद सबसे ज्यादा होती रही।

### संजयनगर का भी टूटा रिकार्ड

संजय नगर में मुस्लिम वोट अधिक होने के कारण लंबे समय से यासीन कराणी ही कांग्रेस से पार्षद बनते आ रहे थे, उनके बारे में कहावत है कि पूरे टाईम पार्षद की भूमिका निभाते है। हर मतदाता उनको छोटे से छोटे काम के लिए याद करता है, परंतु इस बार उनको हार का सामना करना पड़ा और भाजपा प्रत्याशी सलीम मेमन को लंबे समय बाद जीत नसीब हुई।

### श्रीरामनगर में तीसरी बार कांग्रेस का कब्जा

श्रीरामनगर में पहले भाजपा का कब्जा था, परंतु विगत 15 साल से कांग्रेस से जुड़े अजय रेणु का कब्जा बना हुआ है। यह उनका तीसरा कार्यकाल है। इस वार्ड को लेकर था कि इस बार कांग्रेस का रिकार्ड टूटेगा, परंतु अंत समय तक ऐसा नहीं हो पाया और भाजपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा।

### कांग्रेस प्रत्याशी का रिजेक्ट किया फार्म, फिर भी जीती कांग्रेस

कांकालिनपारा वार्ड से माला मुकेश तिवारी ने कांग्रेस से नामांकन दाखिल किया था, परंतु रिटर्निंग अधिकारी ने उनके नामांकन फार्म को रिजेक्ट कर दिया था। अंततः ओबीसी वार्ड से मुकेश तिवारी ने किराना दुकान संचालित करने वाली कामिनी नेताम को कांग्रेस से चुनाव लड़वाया। यह कांग्रेस के लिए बड़ी जीत साबित हुई।

## भाजपा के निखिल सिंह की भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर हुई जीत

**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रत्याशी निखिल सिंह राठौर ने कांग्रेस प्रत्याशी भगवती गजेंद्र कुलदीप को 1397 मतों से शिकस्त दिया। यह जीत उनकी स्वंय की जीत कहीं जा रही है, क्योकि 15 वार्ड के पार्षद में भाजपा के केवल 5 ही पार्षद जीते है। भाजपा संगठन ने पार्षद के लिए ऐसे लोगों को टिकट दिया, जिनका जनाधार नहीं था। अध्यक्ष प्रत्याशी ने संगठन को कई पार्षद के टिकट बदलने के लिए कहा था, परंतु अंत समय तक टिकट नहीं बदले और पार्षद के लिए भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा।

- कांग्रेस के 10 पार्षद जीते, कांग्रेसियों में दिखा उत्साह
- भाजपा के केवल 05 पार्षदों पर मिली जीत

नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के लिए शनिवार 15 फरवरी की सुबह 9 बजे से शासकीय हाई स्कूल मैदान में काफी कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतगणना प्रारंभ हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए कुल 4082 वोट पड़े, जिसमें भाजपा से निखिल सिंह राठौर को 3079 मत मिले, वही कांग्रेस की अध्यक्ष पद प्रत्याशी भगवती गजेंद्र को 1682 मत प्राप्त हुए। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा और कांग्रेस की आमने सामने टक्कर थी। कांग्रेस के अध्यक्ष रहे सुनील बबला पाढ़ी के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा करने पर कांग्रेस ने भगवती गजेंद्र कुलदीप पर दांव लगाया। पहले दिन से ही यह बात सामने आने लगी थी कि भानुप्रतापपुर में भाजपा की जीत होगी। अंततः परिणाम ने भी यह सिद्ध कर दिया कि भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने जीत हासिल कर लिया। जीत की खबर आते ही भाजपाईयों ने जयश्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए थे। पार्षद के लिए भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा।



भाजपा अध्यक्ष जीत का प्रमाण पत्र लेते हुए

भानुप्रतापपुर में नगर पंचायत में 15 वार्ड में से 10 वार्ड पर कांग्रेस पार्षद जीते है, वहीं भाजपा के केवल 5 वार्ड पर ही पार्षद जीते है। यह तय है कि उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेसियों का कब्जा हो जाना तय है। यह बात उठ रही है कि भाजपा संगठन ने ऐसे लोगों को पार्षद के टिकट तय किया, जिनकी जमीन पकड़ न के बराबर थी। भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने भी कई टिकट को बदलने के लिए संगठन से कहा था, परंतु संगठन ने उनके दिए गए सुझाव को अमल में नहीं लाएं, अंततः भाजपा को पार्षद की जीत के लिए नुकसान उठाना पड़ा। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में 10 कांग्रेसी पार्षद की जीत होने से कांग्रेसियों में भी उत्साह बना हुआ है और कांग्रेसी कह रहे है कि हमारा उपाध्यक्ष जरूर बनेगा और हमारा बहुमत है। कांग्रेस के बहुमत के बिना भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में काम नहीं हो पाएगा। भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पहले भी अध्यक्ष रह चुके है, उनको सामांजस्य बिठाने में माहिर है, ज्यादा दिक्कत आने वाली नहीं है।

### एसडीएम ने विजयी प्रत्याशियों को सौंपे प्रमाण पत्र

निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम गंगाधर वाहिले के द्वारा सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया गया। एसडीएम ने सभी राजनीतिक दलों को संबोधित करते हुए कहा आप सभी प्रत्याशियों और समर्थको बिना किसी विवाद के शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सहयोग करने और साथ ही निर्वाचन कार्यालय के द्वारा जो निर्देश दिए गए थे उसको अक्षरशः पालन करने के लिए बधाई के पत्र है।जीते हुए प्रत्यशियों को जीत की बधाई देते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नगर के विकास के लिए अव्हान किया।



कांग्रेस के 10 पार्षद जीत का जश्न मनाते हुए

# चारामा नपं अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की 167 मतों से हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

नगर चारामा की सत्ता फिर से एक बार कांग्रेस के कब्जे में चली गई वहीं भाजपा के अध्यक्ष को हार का सामना करना पड़ा। अध्यक्ष के लिए कड़े मुकाबले में कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी को 8 वार्डो में और भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी को 7 वार्डो में बढ़त मिली।

मतगणना स्थल नगर पंचायत में सुबह 08 बजे मतगणना के लिए प्रत्याशी सहित नगरवासी बड़ी संख्या में मतगणना स्थल नगर पंचायत कार्यालय पहुँचने लगे थे और मतगणना की प्रकिया सुबह 9 बजे प्रारंभ हुई। अध्यक्ष पद के कड़े मुकाबले में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भुनेश्वर नागराज को 3318 मत मिले, जबकि भाजपा के प्रत्याशी प्यारे लाल देवांगन को 3151 मत प्राप्त हुए, इस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष ने 167 मतों से जीत हासिल की। वार्ड पार्षद के परिणाम बदले हुए आएं, वार्ड पार्षदों में भाजपा के 8, कांग्रेस के 6 और 1 निर्दलीय पार्षद जीते है। भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी प्यारे देवांगन को वार्ड क्रमांक 01, 02, 03, 07, 08, 09,12 मे और कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी भुनेश्वर नागराज को वार्ड क्रमांक 04, 05, 06,10,11,13,14 और 15 में बढत मिली। इस बार 09 नए चेहरे नगर पंचायत की सत्ता में पार्षद के रूप में सामने आए है। परिणामो की घोषणा के बाद से ही नगरवासियो एवं वार्डवासियो ने जमकर रंग गुलाल खेला, पटाखे फोडे, जिसके बाद प्रत्याशियो को रिर्टनिंग आफिसर के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विजयी प्रत्याशी अपने अपने वार्डों और नगर में ढोल नगाडो के साथ नगर में विजय जुलुस निकालकर नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। सभी प्रत्याशी माँ शीतला सहित अन्य मंदिरो में जाकर भगवान और माँ का आशीर्वाद लिया, वही इस चुनाव मे भाजपा के कुछ गलत टिकट वितरण में भाजपा की पार्षद की कुछ सीटे कम कर दी।

नगर पंचायत चारामा के 15 वार्डो में वार्ड क्रमांक 01 से कांग्रेस के कविता साहू को 301 और भाजपा के पुष्पा देवांगन को 149 मत मिले, वार्ड कमांक 02 में कांग्रेस से गितेश्वरी सोनकर को 233 एंव भाजपा से ईश्वरी देवांगन को 219 और निर्दलीय टिकेश्वरी सोनवानी को 59 मत मिले, वार्ड कमांक 03 में रजनी यादव को 280 और कांग्रेस से अमृत देवांगन को 244 मत मिले, वार्ड क्रमांक 04 में जगदीश्वर साहू को 262 एवं कांग्रेस के विष्णु यादव को 185, वार्ड क्रमांक 05 में भाजपा की तुलसी धर्मेन्द्र कुंजाम को 302 एवं कांग्रेस की लता उईके को 144, वार्ड क्रमांक 06 से भाजपा के लोकेश सोनकर को 256, कांग्रेस के संतोष सोनकर को 140 एव निर्दलीय प्रत्याशी सुरज मानिकपुरी को 11, वार्ड क्रमांक 07 से भाजपा के अंजु सोनकर को 240 एवं कांग्रेस से रमला सोनकर को 214, वार्ड क्रमांक 08 में भाजपा से संतोष ओझा 282 एवं काग्रेस के शंकर सिन्हा को 173, वार्ड कमाक 09 से भाजपा के संदीप मेश्राम को 232 एवं कांग्रेस से राजकपुर बारसागढ़े को 117 एव निर्दलीय लोकेश बारसागढ़े को 108, वार्ड क्रमांक 10 में भाजपा से अशोक देवांगन 162, कांग्रेस से चन्द्रिका छोटी देवांगन 169 एवं निर्दलीय नंदकिशोर गौतम को 86 मत मिले, वार्ड कमाक 11 से भाजपा से उमादेवी शर्मा को 112 एवं कांग्रेस से रानू कमलेश सेन को 133, वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा से अंकित जैन को 68, कांग्रेस से अशोक सोनी को 79 एव निर्दलीय प्रत्याशी राजेश सोनी को 60, वार्ड क्रमांक 13 में भाजपा से उत्तम साहू को 314 एवं कांग्रेस से मोहित नायक को 199, वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा से चेतना चौहान को 45 मत, कांग्रेस से मंजु सुभाष सोनकर को 221 एवं निर्दलीय प्रत्याशी आबिदा बेगम को 156 मत, वार्ड क्रमांक 15 में भाजपा और कांग्रेस तीसरे और चाथे नम्बर पर रही एंव पहले एव दुसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी का जलवा रहा। निर्दलीय प्रत्याशी लोकेश नागवंशी को 184, निर्दलीय प्रत्याशी सुरेश ठाकुर को 142, भाजपा से महेन्द्र तुलावी को 110 एवं कांग्रेस प्रत्याशी को महज 77 मत मिले।

**चारामा में 08 पार्षद भाजपा, 06 पार्षद कांग्रेस और 01 पार्षद निर्दलीय ने जीत हासिल की**



### यह रहे जीत के बादशाह

भाजपा के जीतने वाले 08 पार्षदों में वार्ड क्रमांक 03 में रजनी यादव, 04 में जगदीश्वर साहु, 05 में तुलसी कुजाम, 06 में लोकेश सोनकर, 07 में अंजु सोनकर, 08 में सतोष ओझा, 09 में सदीप मेश्राम, 13 में उत्तम साहु है वहीं कांग्रेस के जीतने वाले 06 पार्षदों में वार्ड क्रमांक 01 में कविता साहू, 02 में गितेश्वरी सोनकर, वार्ड 10 में चनद्रिका देवांगन, वार्ड11 में कमलेश सेन, वार्ड 12 में अशोक सोनी, वार्ड 14 मे मंजू सोनकर, और वार्ड 15 में निर्दलीय प्रत्याशी लाकेश नागवंशी की जीत हुई।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायलों में एक गंभीर

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा अटल चौक के पास आरोपी पिकप वाहन के चालक ने अपनी वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाईक सवार दो लोगो को सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर से बाईक सवार दोनो लोग बाईक समेत जमीन पर गिर गए व उन्हे चोटे आई है। बाईक चालक को गंभीर चोट आने की वहज से कोयलीबेड़ा में प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। कोयलीबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुंचे आवासपारा निवासी 33 वर्षीय कुंवर सिंह ध्रुव पिता शंकर सिंह ध्रुव ने पुलिस को बताया कि 14 फरवरी को दोपहर 3 बजे अंतागढ़ से कोयलीबेड़ा जाने के लिए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 7216 से जिरामतराई निवासी राजेश उन्दरे के साथ निकले थे। मोटर सायकल को राजेश उन्दरे चला रहा था, मैं पीछे में बैठा था और शाम 4 बजे अटल चौक कोयलीबेड़ा के पास पहुंचे थे कि, कोयलीबेड़ा से अंतागढ़ की ओर जा रही आरोपी पिकप वाहन क्रमांक सीजी 17 एच 2306 के चालक द्वारा अपने पिकप वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हमारी मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर दुर्घटनाग्रस्त कर




▶▶ शेष पेज 12 पर

# अधिकारियों ने स्कूलों का निरीक्षण किया, व्यवस्था पर जताया संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

जिले के संवेदनशील ईलाको में स्थित स्कूल का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया गया। निरिक्षण दौरे में सर्वप्रथम प्राथमिक शाला पूड़ोमिचंगांव का जायजा लिया गया। जहां समस्त शिक्षकों की उपस्थिति के साथ कक्षा संचालन सुचारु रूप से पाया गया तत्पश्चात सराधुधमरे प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया गया जहां शिक्षक अभिजीत कवर द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज की तैयारी करते हुए पाए गए। निरीक्षक द्वारा बच्चों की मूलभूत जांच की गई। शिक्षकों के द्वारा हस्ताक्षर युक्त फाइल पंजी पाई गई। गृह कार्य के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया। प्राथमिक शाला लाटकरका जो कि विकासखंड दुर्गूकोंदल का अति संवेदनशील अंचल क्षेत्र है, जहां पर पहली बार कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा स्कूल का जायजा लिया गया था। पदस्थ शिक्षक रामलाल सलाम द्वारा बच्चों के स्तर को उठाने में नितनय प्रयास किया जा रहा हैं। विद्यालय साफ सुथरा और स्वच्छ पाया गया। माध्यमिक शाला निरोंडाडीही का निरीक्षण में सभी शिक्षक द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन करते पाए गए। प्राथमिक शाला हुलघाट जहां के प्रधान पाठक के भागीरथी केकती द्वारा स्कूल वातावरण को बच्चों के अनुरूप व्यवस्थित रूप से ढाला गया है, जहां किचन



▶▶ शेष पेज 12 पर

### सर्पदंश से महिला की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। चारामा थानांतर्गत मचांदूर निवासी 54 वर्षीय कांति बाई तारम को सांप ने काट लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी 14 फरवरी को मौत हो गया। सीएचसी चारामा से अस्पताली मेमो चारामा थाना में पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### स्कूलों का निरीक्षण किया व अहम बातों पर की चर्चा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतिम छोर प्राथमिक शाला लाटमरका, निरोंडाडिही, हुलघाट, सराधुघमरे, डोडकाएंन्हुर का निरीक्षण 15 फरवरी को सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, खंड श्रोत समन्वयक लतीप सोम, संकुल प्राचार्य संकुल कोंडे बाबूलाल कोमरा, संकुल समन्वयक योगेश कुमार मरकाम, रामचंद्र दुग्गे व टिकेश्वर साहू द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल संबंधित गतिविधियों पर चर्चा किया गया। स्कूल की सफाई, किचन गार्डन, शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों की उनकी इन क्षेत्रों मे कार्य करने मे जो भी दिक्कत आती है उस पर चर्चा, बच्चों से उनके बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर चर्चा, बच्चों की उनके अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर चर्चा किया गया।

### केशकाल नपं के अध्यक्ष होंगे बिहारी लाल शोरी

**केशकाल।** निर्दलीय प्रत्याशी बिहारी लाल शोरी को कुल 2967 मत प्राप्त हुए और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के गोपाल बघेल को 2092 मत मिले जबकि कॉंग्रेस के पीताम्बर को मात्र 1127 मत मिले बिहारी शोरी ने 875 मतों से भाजपा के गोपाल बघेल को पराजित किया। किस वार्ड से किसकी जीत हुई
वार्ड क्रमांक 1- निर्दलीय पंकज नाग जीते 80 मत से, वार्ड क्रमांक 2- भाजपा के भूपेश चंद्राकर जीते 74 मत से वार्ड क्रमांक 3- भाजपा के महेश तारम जीते 58 मत से, वार्ड क्रमांक 4- भाजपा की नम्रता भारद्वाज जीतीं 18 मत से, वार्ड क्रमांक 5- कांग्रेस की पुंजलता मरकाम जीतीं 54 मत से, वार्ड क्रमांक 6- कांग्रेस से सोहेल रजा जीते 26 मत से, वार्ड क्रमांक 7- भाजपा की हिरालक्ष्मी शाह जीतीं 10 मत से, वार्ड क्रमांक 8- भाजपा के भूपेश सिन्हा जीते, 60 मत से, वार्ड क्रमांक 9- भाजपा के सुदर्शन कुंजाम जीते 127 मत से, वार्ड क्रमांक 10- भाजपा की हर्षा कोठारी जीतीं 111 मत से वार्ड क्रमांक 11- निर्दलीय यासीन मेमन जीते 128 मत से वार्ड क्रमांक 12- कांग्रेस की नाजनीन मोहसिन जीतीं 19 मत से, वार्ड क्रमांक 13- कांग्रेस के जितेंद्र रजक जीत 39 मत से, वार्ड क्रमांक 14- कांग्रेस के राजेंद्र ठाकुर जीते 126 मत से वार्ड क्रमांक 15- निर्दलीय हेमंत बांधे जीते 70 मत से। इस चुनाव में भाजपा के 7 पार्षद जीते, कांग्रेस के 5 पार्षद जीते और तीन निर्दलीय पार्षदों की जीत हुई है।

**चुनाव :** वार्ड क्रमांक एक में जयसवाल वट्टी और वार्ड क्रमांक 10 में विजय सलाम की पार्षद पद पर जीत

**भाजपा को 6429 और कांग्रेस की सुनिता मांझी को 5147 मत मिले**

# भाजपा के इंद्रप्रसाद बघेल नारायणपुर नगर पालिका अध्यक्ष पद पर विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगरपालिका नारायणपुर में निर्वाचन की मतगणना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकांक्षा शिक्षा खलखो की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। मतगणना उपरांत सभी विजयी पार्षदों एवं अध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। नगरपालिका परिषद नारायणपुर में अध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी इंद्रप्रसाद बघेल द्वारा इंडियन नेशनल कांगेस के प्रत्याशी सुनिता मांझी को 1282 मतों से हराकर अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 01 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनिता कोरेटी को 32 मतों से हराकर इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी जयसवाल वट्टी विजयी हुए हैं। इस प्रकार वार्ड क्रमांक 02 में हेमलता माने को 53 मत, नितू देवनाथ को 281 मत, रीता मण्डल को 501 मत और शालिनी कर्मकार को 49 मत प्राप्त हुए हैं, इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रीता मण्डल विजयी घोषित हुई हैं। वार्ड क्रमांक 03 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी अजहरी कातुन अली को 263 मत और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संगीता जैन को 434 मत, वार्ड क्रमांक 04 में इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्यशी पूर्णिमा बघेल को 329 मत और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृति पोटाई को 671 मत, वार्ड क्रमांक 05 में अनिता सेठिया को 319, हेमलता राणा को 37 और संतोष कुमार गोटा को 446 मत, वार्ड क्रमांक 06 में प्रतिमा ठाकुर को 240, संजय नंदी 460 मत और अर्जुन देवांगन को 224 मत मिले हैं। वार्ड क्रमांक 07 में कमलापति मिश्रा को 468 मत, प्रमोद नैलवाल को 417 मत, वार्ड क्रमांक 08 में मिथलेश्वरी पटेल को 257, नेहा कश्यप को 482 मत, वार्ड क्रमांक 09 में बोधन देवांगन को 289, जयप्रकाश शर्मा को 333 मत, वार्ड क्रमांक 10 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी देवगन नाग को 210, इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्यशी विजय सलाम को 530, वार्ड क्रमांक 11 में रमशीला नाग को 179, सोनिका पोर्ते को 141, वार्ड क्रमांक में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीण गोलछा को 518, इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्यशी रूपेश देवांगन को 242 मत, वार्ड क्रमांक 13 कौशल कुमार बघेल को 394, पिलाबाई टेकाम को 14 और तरूण कुमार देहारी को 307 मत, वार्ड क्रमांक 14 में अरविंद पोटाई को 276 और गोविंद राम भोयर को 416 मत, वार्ड क्रमांक 15 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हेमंत कुमार पात्र को 660, राखी राना को 174 और संजय कुमार ध्रुव को 62 मत मिले हैं। रिटर्निंग आफिसर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई के द्वारा नगरपालिका परिषद के विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण दिया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्रीकांत वर्मा, सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, एसडीएम गौतमचंद पाटिल, नोडल अधिकारी विक्रम बहादुर, गणना प्रेक्षक आशीष एक्का, विनय वर्मा सहित निर्वाचन संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## फरसगांव नपं अध्यक्ष पद पर हुई भाजपा के प्रशांत पात्र की जीत

**फरसगांव।** नगरीय निकाय चुनाव 2025 में कोंडागांव जिले के नगर पालिका परिषद कोंडागांव, नगर पंचायत फरसगांव और नगर पंचायत केशकाल में अध्यक्ष पद और पार्षदों पद हेतु मतगणना की गई। नगर पंचायत फरसगांव के शासकीय चैतू गायता (आलोर) महाविद्यालय में शनिवार को मतगणना शुरू कई गई। जिसमें नगर पंचायत फरसगांव से अध्यक्ष पद हेतु भाजपा के प्रत्यासी प्रशांत पात्र ने 186 वोटो से जीत हासिल की है। वही 15 पार्षदों में भाजपा के 07, कांग्रेस के 07 और एक निर्दलीय प्रत्यासी ने जीत दर्ज की है। अध्यक्ष पद हेतु भाजपा के प्रत्यासी प्रशांत पात्र 'गोलू' को 2095 वोट , कांग्रेस के उग्रेश चंद मरकाम को 1910 एवं नोटा को 46 मत प्राप्त हुए, इस तरह प्रशांत पात्र ने 186 वोट से जीत दर्ज कर नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित हुए।





पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 01से राजेश कुमार सोना (भाजपा) वार्ड क्रमांक02 से श्रीमती रीता गौतम (कांग्रेस ), वार्ड क्रमांक 03 से श्रीमती सुमन जायसवाल (भाजपा) , वार्ड04 से नरेंद्र गौर रिंकू (बीजेपी), वार्ड5 श्रीमती शैल सेठिया (भाजपा), वार्ड06 से विजय लाडगे(कांग्रेस), वार्ड 07 से श्रीमती संगीता प्रवीण राव (भाजपा), वार्ड08 से श्रीमती राजकुमारी (भाजपा), वार्ड09 जनक नेताम(कांग्रेस), वार्ड10से मन्नू हिड़को (कांग्रेस), वार्ड 11 से भागेश्वर (कांग्रेस), वार्ड12 से श्रीमती सुशीला मरकाम(कांग्रेस), वार्ड13 से सुकालू मरकाम (कांग्रेस), वार्ड14 विनोद पाण्डे (निर्दलीय) वार्ड15 से मूलचंद पांडे(भाजपा) जीत दर्ज की है।

### निकाला विजय जुलूस

जीत के बाद भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत पात्र अपने 07 पार्षदों के साथ विजय रैली निकली । यह विजय रैली कॉलेज से प्रारंभ कर नगर भ्रमण कर भाजपा कार्यालय में समापन किया गया। जीत पर भाजपा के लोगों और उनके समर्थकों ने डीजे की धुन में नाचते गाते रंग गुलाल उड़कर कर एक दूसरे को जीत की बधाई दी ।

### मतदाताओं और कार्यकर्ताओं की है जीत

वहीं नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने इस जीत का श्रेय नगर के मतदाता व कार्यकर्ताओं को दिया है, उन्होंने कहा नगर विकास के लिए उनकी पहली प्राथमिकता सड़क बिजली पानी जैसी सुविधा नगरवासियों तक पहुचना होगी।

## पालिक चुनाव में भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत, 22 में से 20 वार्डों में भी मारी बाजी

**कोण्डागांव।** कोंडागांव नगर पालिका परिषद चुनाव के परिणाम आज घोषित किए गए, जिसमें भारतीय जनता पार्टी भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज करते हुए 22 में से 20 वाडोंर् पर अपना परचम लहराया। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा को बहुमत मिलेगा, लेकिन इस तरह की ऐतिहासिक जीत अप्रत्याशित रही। वहीं, शेष दो वाडोंर् में से एक पर निर्दलीय प्रत्याशी मनीष श्रीवास्तव ने जीत हासिल की जबकि कांग्रेस की ओर से केवल हेमा देवांगन ही विजयी रहीं।

**भाजपा की रणनीति और अभूतपूर्व प्रदर्शन** – कोंडागांव नगर पालिका चुनाव में भाजपा की यह जीत पार्टी संगठन की मजबूत रणनीति और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा मानी जा रही है। भाजपा उम्मीदवारों ने जनता के बीच जाकर स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी जिससे मतदाताओं का विश्वास पार्टी पर और अधिक मजबूत हुआ।



**शिक्षक नीलकंठ शार्दुल को मिली निराशा** – अध्यक्ष पद के लिए अपनी नौकरी से अनिवार्य सेवा निवृत्ति लेकर मैदान में उतरे शिक्षक नीलकंठ शार्दुल को हार का सामना करना पड़ा। आक्रामक चुनाव प्रचार के बावजूद उन्हें 1444 मतों से संतोष करना पड़ा। चुनावी समीकरणों को देखते हुए मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की है।

**कांग्रेस के लिए बड़ा झटका** – कोंडागांव नगर पालिका परिषद चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। जहां भाजपा ने 20 वाडोंर् पर कब्जा किया, वहीं कांग्रेस महज एक वार्ड में ही जीत दर्ज कर पाई। इससे साफ है कि कांग्रेस की रणनीति प्रभावी नहीं रही और मतदाता पार्टी से दूर होते नजर आए।

**निर्दलीय प्रत्याशी ने दिखाया दम** – वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे मनीष श्रीवास्तव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। उनकी व्यक्तिगत लोकप्रियता और स्थानीय स्तर पर किए गए कायोंर् का उन्हें फायदा मिला, जिससे वे कांग्रेस के आधिकारिक प्रत्याशी को हराने में सफल रहे।

**भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल** – भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पूरे शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला और जीत का जश्न मनाया।

**नतीजों के राजनीतिक मायने** – कोंडागांव नगर पालिका परिषद चुनाव के नतीजे भाजपा के लिए प्रदेश में एक मजबूत संकेत माने जा रहे हैं। यह जीत दर्शाती है कि स्थानीय स्तर पर भाजपा की पकड़ मजबूत हुई है और मतदाता कांग्रेस की बजाय भाजपा को प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के लिए यह परिणाम आत्ममंथन करने का संकेत है, क्योंकि स्थानीय निकाय चुनाव में इस तरह की हार आगामी चुनावों के लिए पार्टी के लिए एक चुनौती हो सकती है।

**निष्कर्ष** – कोंडागांव नगर पालिका परिषद चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया कि उसकी लोकप्रियता बरकरार है। कांग्रेस के लिए यह हार एक बड़ा झटका है, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अब देखना यह होगा कि भाजपा अपने विजयी उम्मीदवारों के माध्यम से नगर विकास के लिए क्या कदम उठाती है।

## कोण्डागांव पालिका अध्यक्ष पद पर नरपति पटेल की शानदार जीत



**कोण्डागांव।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन–2025 अंतर्गत आज जिले के नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव, नगर पंचायत फरसगांव और केशकाल के अध्यक्ष पद और पार्षद पद के लिए मतों की गणना की गई। आज सुबह 09 बजे से कोंडागांव नगर पालिका परिषद के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक, कोंडागांव में, नगर पंचायत फरसगांव के लिए शासकीय चौतू गायता आलोर महाविद्यालय, फरसगांव में तथा नगर पंचायत केशकाल के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशकाल में मतगणना प्रारंभ हुई। मतों की गणना के पश्चात नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव के अध्यक्ष पद के लिए रिटनिंर्ग ऑफिसर द्वारा जारी परिणाम के अनुसार नरपति पटेल को 10,754, नरेन्द्र देवांगन को 6,226 और नीलकंठ शार्दूल को 1,444 एवं नोटा को 198 मत प्राप्त हुए, जिसमें अभ्यर्थी नरपति पटेल को निर्वाचित घोषित किया गया।

नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष पद के लिए अभ्यर्थी प्रशांत पात्र 'गोलू' को 2095, उग्रेश चंद मरकाम को 1910 एवं नोटा को 46 मत प्राप्त हुए, जिसमें अभ्यर्थी प्रशांत पात्र को निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत केशकाल के अध्यक्ष पद के लिए अभ्यर्थी बिहारी लाल शोरी को 2967, लाला उर्फ गोपाल बघेल को 2092, पिताम्बर नाग को 1127, रमेश कुमार नेताम को 235, अंजू बेलसरिया को 54 एवं नोटा में 63 मत पड़े। परिणाम घोषित होने के पश्चात सभी विजयी प्रत्याशियों को संबंधित रिटनिंर्ग अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।

## 12वीं के छात्रों के लिए आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कक्षा 11 वीं एवं विद्यालय अन्य विद्यार्थियों द्वारा आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख थानुराम सिन्हा एवं समस्त आचार्य द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र के सामने द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी सभी ने मिलकर सरस्वती वंदना का गायन किया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि सरस्वती शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष नरेश जैन, अध्यक्षता सोमदेव नायक और विशेष अतिथि थानुराम सिन्हा स्वागत तिलक वंदन कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के निर्देशानुसार संजय दास के नेतृत्व में कक्षा एकादश के भैया बहिनों ने बहुत ही शानदार रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। आशीर्वाद समारोह में कक्षा द्वादश के भैया बहिनों के लिए अनेक प्रकार खेल रखा गया था, जिसमें उनकी मानसिकता और एकाग्रता से निपुण योग्य कार्यक्रम रख गए थे। द्वादश के भैया बहिनों ने विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदियों को अपने अनुभव के साथ बीती हुई बातों साझा किया। पुरानी पलों को याद करते हुए भैया बहिनों ने कक्षा अरुण से द्वादश तक बिताए समय और पढ़ाई हुए आचार्य एवं दीदियों के साथ समय को भी साझा किया। बालसभा, परेड, समता, मोटिवेशन कक्षा जैसे अन्य प्रकार के गतिविधियों से रूबरू हुए उन्हे याद किया। कक्षा 9 वीं के बहिनों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम में बैठे सभी भैया बहिनों एवं अतिथियों ने सराहना किया। कक्षा द्वादश के कक्षा आचार्य रविशंकर दुग्गा के नेतृत्व में कक्षा द्वादश के भैया बहिनों ने विद्यालय परिवार को एक कंप्यूटर मॉनिटर सप्रेम भेंट किया।



## बम्हनी जंगल में प्राचीन मंदिर मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

कोण्डागांव के मर्दा-पाल रोड पर 7 किमी दूर बम्हनी जंगल में प्राचीन मंदिर मिला है। जिसकी जानकारी किसी को नही थी। कहा जाता है कि बस्तर में ऐसे मंदिरों की जानकारी अक्सर स्वप्न के आधार पर ही होती है। मामले की जानकारी मिलते ही तब गांव के दो लोगों ने मौके पर जाकर देखा तो यह प्राचीन मंदिर दिखाई पड़ा। इस शिवलिंग के चारों ओर बड़े भारी पत्थरों की बाउन्ड्री वाल बनी थीं। कहते है कि इस मंदिर में एक बार स्व. बलीराम कश्यप पूर्व सांसद जी पहुंचे थे और मंदिर के चारों ओर पक्का भवन खड़ा किया था। तब इसी जंगल में बिखरी हुई टूटी-फूटी मूर्तियों को लाकर परिसर में रखा गया। वहीं कोकपुर (कांकेर) की पावन भूमि में पंडित प्रदीप मिश्रा जी ने कहा था कि बस्तर का हर पत्थर पर शिव का स्वरूप है। वर्तमान में यहां पूजा कर रहे हरि ठाकुर पुजारी ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को मंदिर दिन भर खुला रहता है और लोग बड़ी संख्या में पूजन के लिये आते हैं। शिवलिंग पर जल चढ़ा कर सिर पर हुये घाव के ठीक हो जाने पर आगामी रविवार को सत्यनारायण कथा का आयोजन है।

## गुण्डाधुर कालेज में एनएसएस बी प्रमाण पत्र परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव द्वारा प्राचार्य डॉ. सी आर पटेल, जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई एवं रासेयो विशेष सलाहकार हनी चोपड़ा के मार्गदर्शन में 15 फरवरी को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 20 स्वयंसेवक शामिल हुए। जिसमें बाह्य परीक्षक के रूप में जिला संगठक का आगमन हुआ।

**वार्षिक परीक्षा के लिए दिया मार्गदर्शन** – स्वयंसेवकों को अग्रिम वार्षिक परीक्षा के लिए मार्गदर्शित किया गया। परीक्षा को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक मनेश यादव, सूर्यप्रकाश, मनीषा, बरखा एवं अंजू पटेल का विशेष योगदान रहा।

**परीक्षा का उद्देश्य और महत्व राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का उद्देश्य** – छात्रें में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामुदायिक सेवा की भावना को विकसित करना है। बी प्रमाण पत्र परीक्षा इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जाती है, ताकि स्वयंसेवकों को उनके कायोंर् और सेवाओं का मूल्यांकन किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में परीक्षा में शामिल सभी स्वयंसेवकों ने परीक्षा के अनुभव साझा किए और इस आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रशासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रति आभार व्यक्त किया।

**परीक्षा में ये स्वयंसेवक हुए शामिल** – बी प्रमाणपत्र परीक्षा में परीक्षार्थी स्वयंसेवक अमीना नेताम, रविकांत, खिलेंद्र , सरोज, सिरबती, डॉली, कशिश, प्रतिभा, अंजू बॉस, दीपक, जुगौंती, नवलसिंह, श्रीनाथ, लच्छनी, अरुण, विनेश, रविन्द्र, रविशंकर एवं धनसाय उपस्थित रहे।

**महाविद्यालय प्रशासन ने दी शुभकामनाएँ** – महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. आर. पटेल ने परीक्षा में शामिल सभी स्वयंसेवको की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक प्रमाण पत्र प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

### छात्रों को प्रश्न बैंक का किया वितरण



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंडो के मेधावी विद्यार्थियों और सामान्य विद्यार्थियो को जिले के अभिनव पहल हमर लक्ष्य के अंतर्गत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार विशिष्ट प्रश्न बैंक कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत कांकेर, डीईओ, बीईओ एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं सौजन्य से प्राप्त प्रश्न बैंक का वितरण प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। सभी विषय शिक्षक ने इसका अवलोकन कर इसे परीक्षा की तैयारी के लिए सटीक और उत्कृष्ट प्रश्नों का संग्रह बताया। निश्चित ही प्रश्न बैंक विद्यार्थियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत झिटकापारा के आश्रित ग्राम कलवर में छः दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में गायता प्राण सिंह, उतम सलाम, आनंद तेता, शिवचरण सिंह सलाम, धनराज टेकाम, श्रवण सलाम, लालचंद दुग्गा, राम टेकाम, आनंद जैन, लक्ष्मण टेकाम, सूरजू यादव, बहादुर, हरिओम टेकाम, गणेश दर्री, संजीत कुमार, दिनेश, मुकेश कोरेटी, फूलचंद गावड़े, अजित आचला, मंगल गावड़े, भुनेश्वर कोरेटी, मेहतु, शिवराज यादव, कुमेश नेताम, रूपेश उसेंडी, महेश, खोरबहरा कोरेटी, विकेश टेकाम, अशोक नरेटी, मुन्ना कोरेटी, जयपाल आंचला, गीतेश एवं ग्रामवासी के साथ ही बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

### पिकअप की टक्कर...

दिया। दुर्घटना में राजेश को गंभीर चोट आई है तथा मेरे पैर में चोट लगा है। आसपास मौजूद लोगो ने हमे कोयलीबेड़ा अस्पताल में ईलाज के लिए ले गए। राजेश को गंभीर चोट आने की वजह से कांकेर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अधिकारियों ने स्कूलों...

गार्डन में बागवानी के साथ-साथ फलदार पेड़ पौधे लगाए गए हैं, जिसमें पपीता, भाटा, टमाटर, मिर्ची, धनिया, केला अन्य सब्जियां उगाई गई है। विद्यालय के बच्चों के लिए मध्यान भोजन में किसी भी प्रकार से सब्जी की कोई कमी नहीं होती है। स्कूल के हर क्षेत्र में साफ सफाई और खेल मैदान स्मार्ट कक्षा अन्य सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। सभी अधिकारियों ने स्कूल की सराहना किया। विद्यार्थियों के टैलेंट को भी जांच परख कि गई प्रिंटरिच पोस्टर कि पढ़ाया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अंजली मण्डावी, खंड स्त्रोत समन्वयक लतीप सोम, संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरे, सीएससी संकुल समन्वयक रामचंद दुग्गे, योगेश मरकाम, टेमेश्वर साहू, व्यायाम शिक्षक राजेश कुर्रे उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

## नगरीय निकाय चुनाव में मिली बड़ी जीत : पाण्डे



**जगदलपुर।** भाजपा के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे जिलाध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले परीक्षा में पास हो गए है। नगरपालिक निगम जगदलपुर चुनाव में कड़ी मेहनत कर पार्टी प्रत्याशियों को विजय वरण कराने वाले समस्त कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते आभार माना। पांडे ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के प्रति भी कृतज्ञता जताई। पूरे चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी नगर निगम क्षेत्र के 48 वार्डो के मतदाता एवं आमजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने चुनावों में ऐतिहासिक विजय पर संतोष प्रकट करते हुए जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करने का आश्वासन दिया।

### मंत्री केदार के सारथी बने संजय

# जीत का जश्न मनाने भाजपा का विजय जुलूस, मंदिर पहुंचकर की पूजा-अर्चना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम जगदलपुर में दस वर्षों बाद भाजपा का कब्जा हो गया है और मेयर के रूप में संजय पांडे ने जीत हासिल कर ली है। वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रत्याशी मलकित सिंह गैदु को 8 हजार से अधिक मतों से हराकर मेयर निर्वाचित हुए।

विदित हो कि जगदलपुर के कुल 48 वार्डों में भाजपा के 30 पार्षदो ने

■ प्रदेशाध्यक्ष के साथ खुले वाहन में सवार होकर शहरवासियों का माना आभार

जीत हासिल की है। वही काँग्रेस के 16पार्षदों ने जीत दर्ज की है। साथ ही 2 निर्दलीय पार्षद भी जीत कर निगम में पहुंचे है। मेयर की चेयर में अब संजय पांडे बैठेगे। जीत के बाद नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे धरमपुरा आदर्श महाविद्यालय स्थित मतगणना केंद्र से माँ दंतेश्वरी मंदिर तक प्रदेश शासन के मंत्री केदार कश्यप को बाइक में सवार कर अपने समर्थकों के साथ विजय जुलूस में निकले। उनके साथ बाईक में वन मंत्री केदार कश्यप बैठे। बाजे गाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों में विजय जुलूस निकला। संजय पाण्डेय ने जनता का अभिवादन करते आभार माना। दंतेश्वरी मंदिर से खुले वाहन में सवार होकर शहर के आमजनों के प्रति आभार जताया। खुले वाहन में महापौर संजय पांडे के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव,सांसद महेश कश्यप, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे,पूर्व जिलाध्यक्ष रूपसिंग मंडावी,वरिष्ठ भाजपाई शरद अवस्थी,पूर्व महापौर सफिरा साहू,नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, भाजयुमों जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव,मोर्चा महामंत्री मनोज पटेल, समेत जीत हासिल करने वाले भाजपा के पार्षदगण व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मलित थे।

### विकास के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा : संजय

अपनी जीत को लेकर महापौर बने संजय पांडे ने शहर वासियों को धन्यवाद दिया है और कहा कि भाजपा के सरकार बनते ही अब शहर विकास के कामो को पूरा किया जाएगा। साथ ही कहा कि जनता ने और केंद्र सहित राज्य सरकार के कामो को देख कर जनता ने दिया आशीर्वाद और जो आशीर्वाद मिला है उनके मुताबिक काम शहर और वार्ड के विकास पर काम किया जाएगा।

## भाजपा की जीत में आमजनों का आशीर्वाद : देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने जगदलपुर नगर निगम में महापौर समेत बड़ी संख्या में पार्षदों के चुनकर आने पर पार्टी के लिए जनता का आर्शिवाद बताया है। उन्होंने कहा कि सुशासन की सरकार पर जनता की मुहर है। साथ ही जनता ने नकारात्मक राजनीति को सिरे से खारिज करते हुए विकास और प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास पर पर मुहर लगाई। वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा न केवल बस्तर नगरीय निकाय चुनाव में बल्कि समूचे प्रदेश में आमजनों के आर्शिवाद और कार्यकताओं के दम पर एक बार फिर भाजपा पर विश्वास जताया। उन्होंने प्रदेशवासियों व बस्तरवासियों को धन्यवाद देते कृतज्ञता जताया। केदार ने कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा झूठ की राजनीति लम्बे समय तक नहीं चलती। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन नीति को प्रदेश की जनता पूरी तरह से आत्मसात कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा कांग्रेस की तरह झूठा वादा नहीं करती। जो वादा करती उसे हर हाल में पूरी करती है। केदार ने कहा हमारे मुख्यमंत्री विधानसभा चुनाव में जीत मिलते ही मोदी के गारंटी पर काम करना प्रारम्भ करते प्रदेश की मातृ शक्तियों के लिए महतारी वंदन योजना का लाभ दिया।

## पूरी मेहनत से चुनाव लड़े जनता का फैसला शिरोधार्य : मलकीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चुनाव को हमने पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ लड़ा। कांग्रेस के सारे पार्षदों ने भी काफी मेहनत की। हमारे पार्टी के सभी बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मेहनत की। शहर की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। मैं संजय पाण्डेय को जीत की बधाई देता हूं और उनसे उम्मीद करता हूं कि वे जनता से किए सारे वायदे पूरा करेंगे। मतगणना स्थल पर 2-3 राउंड की गिनती बचने के दौरान कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि चुनाव में एक जीतता है और एक हारता है। पहले भी दो बार नगर निगम में कांग्रेस के महापौर रहे। उन्होंने जनहित में काफी काम कराया है। इस बार हमने जो घोषणा पत्र जारी किया था उसमें शहर की समस्याओं को दूर करने का वादा किया था। उन्होंने कहा की किसी तरह का कोई अफसोस नहीं है, लेकिन महापौर समेत पार्षदों की जीत हार को लेकर समीक्षा में चर्चा करेंगे। किस वजह से हार मिली और आगे हमें जनहित के काम करते रहना है।

### जनता ने फिर दिया सेवा का मौका : डांगी

कांग्रेस नेता विक्रम सिंह डांगी ने पत्नी मनप्रीत कौर के विजयी होने पर कहा कि इस वार्ड से गहरा नाता है। पहले जनता ने मुझे चुना अब पत्नी को जिताया है। हम दोनों वार्डवासियों की सेवा करेंगे।

## कदम से कदम मिलाकर मनीष ने दिया संजय का साथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर के प्रत्याशी के रूप में युवा नेता मनीष पारख की भी दावेदारी थी। कई दावेदारों के बीच पार्टी ने संजय पाण्डेय को महापौर प्रत्याशी घोषित किया। इसके बाद मनीष ने संजय पाण्डेय के पक्ष में लगातार काम करते हुए उनकी जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि नगर निगम के इस 5वें चुनाव में जनता ने दो बार कांग्रेस को और 2 बार भाजपा को मौका दिया था। इस बार दोनों दल के लिए नगर सत्ता में काबिज होना प्रतिष्ठा का सवाल था। हमारी सरकार केन्द्र और राज्य में है इसलिए दोनों सरकारों के विकास कार्यों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जनता के बीच पहुंची और सुशासन का संकल्प लेकर जनता से समर्थन मांगा। महापौर समेत हमारे 30 पार्षद चुने गए, दो निर्दलीय भी हमारे हैं, इस तरह स्पष्ट बहुमत मिला। इसी तरह आगे भी एकजुटता से काम करने की बात मनीष ने कही।

## जनता का विश्वास भाजपा के साथ : बाफना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमपुरा के मतगणना स्थल पहुंचे भाजपा नेताओं ने महापौर चुनाव जीतने पर संजय पाण्डेय को बधाईयां देते शुभकामनाएं दी। वहीं 30 पार्षदों के भी निर्वाचित होने पर उन्हें भी वार्ड की जनता के हित में काम करने की सलाह दी। पूर्व विधायक संतोष बाफना, वरिष्ठ नेता शरद अवस्थी, सुधीर पाण्डे और युवा नेता शैलेन्द्र भदौरिया तथा रौशन झा ने इस जीत को मोदी की गारंटी और साय के सुशासन का परिणाम बताया है। संतोष बाफना ने कहा कि विश्वास जनता का हमारे जीत में मील का पत्थर साबित हुआ। न केवल जगदलपुर बल्कि बस्तर संभाग के सभी नगरीय निकायों में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। प्रदेश की बात करें तो ऐसा पहली बार हुआ है कि 10 नगर निगम में पूरी की पूरी भाजपा की ही नगर सरकार आ गई है। इसके अलावा नगर पालिका और नगर पंचायत में भी बड़ी संख्या में भाजपा के अध्यक्ष और पार्षद चुने गए हैं। सबका साथ सबका विकास यह केवल नारा नहीं है बल्कि भाजपा के हरेक कार्यकर्ता का संकल्प है। शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में शहरी ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका रहती है इसलिए कार्यकर्ता को सबसे पहले जीत का श्रेय जाता है।

## अतुल के कौशल से भाजपा के 3 वार्ड में पार्षद जीत गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा की बड़ी जीत में उन कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत भी बहुत बड़ा योगदान के रूप में देखा जाना चाहिए जिन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया। वे बागी होने की बजाय नए प्रत्याशियों को जीताने में मेहनत कर अपनी निष्ठा को बनाए रखा। अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के पार्षद रहते हुए अतुल कौशल ने वार्ड विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यही कारण है कि जब यह वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया तो उन्होंने अपनी पत्नी जीतमणी कौशल को मैदान में उतारा और पार्षद बनाया। यह वार्ड अब 2 वार्ड में विभक्त हो गया है। अतुल कौशल इन दोनों वार्ड में आरक्षण के चलते चुनाव नहीं लड़ पाए। लेकिन पार्टी ने जिसे टिकट दिया उन्हें जीताने के लिए कड़ी मेहनत किया। मतगणना स्थल पर हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का साधारण कार्यकर्ता होने पर ही गर्व महसूस होता है क्योंकि यह ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रधर्म और सनातन धर्म की रक्षा और उन्नति के लिए काम करती है। इस बात की खुशी है कि मैंने जिनके लिए मेहनत की वे पार्षद बनकर जनता की सेवा करेंगे। मेरा मार्गदर्शन और अनुभव का लाभ उन्हें मिलता रहेगा। आगे भी टिकट मिले या न मिले पार्टी की सेवा करना मेरा धर्म है।

# पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी पति को पालानार के जंगल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पत्नी के साथ मामूली विवाद के बाद पति ने उसकी गला दबाकर तथा सिर में पत्थर से हमला कर हत्या कर दी। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम पालानार पुजारीपारा का है। हत्या के बाद फरार आरोपी को जंगल से घेराबंदी कर पकड़ा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण सिंह पोटाई के मार्गदर्शन व टीआई मोहम्मद तारिक हरीश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीआई ने बताया कि प्रार्थी आयतु पोयाम 58 वर्ष निवासी पालानार पुजारीपारा ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहु कमला पोयाम व बेटा रामलाल पोयाम 12 फरवरी की सुबह 4 बजे से आपस में वाद-विवाद कर घर से चले गये थे। पतासाजी करने पर बहु कमला पोयाम का शव सोमडू के खेत नाला पानी में मिला है। रिपोर्ट पर धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर शव को पीएम के लिए रवाना किया गया था। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका के मृत्यु गला दबाने से एंव सिर में गम्भीर चोट आने से तथा मृत्यु हत्यात्मक होना बताया गया। हत्या की पुष्टि होने के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

इसी दौरान आरोपी के कुम्हारसाडरा एंव पालानार के बीच जंगल में होने की जानकारी मिली जिसे तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी पति रामलाल पोयाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होते ही कोड़ेनार पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक मोहम्मद तारिक हरीश के अलावा एसआई बलबीर सिंह, एएसआई पन्नालाल कुंजाम, प्रधान आरक्षक लखेश्वर बघेल, संजय मुड़मा, आरक्षक सुरेश आचले, सोनारू यादव, ठिबरू कश्यप, संजु कश्यप तथा महिला आरक्षक हस्तिना मौर्य की अहम भूमिका रही।

# बीयर व विहस्की जब्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भानपुरी व नगरनार पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 हजार रूपए से अधिक की शराब के अलावा दो बाईक जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

अवेध शराब के परिवहन की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर एवं आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गगन कुमार आईपीएस (परिवीक्षाधीन), एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती व निरीक्षक टामेश्वर चौहान व अमित पद्मशाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। नगरनार पुलिस टीम द्वारा एनएच 63 मेनरोड के पास पहुंच कर नाकाबंदी कर पहली कार्रवाई करते हुए ओडिशा से जगदलपुर की ओर आ रहे दो लोगों को बाईक क्रमांक सीजी 17 केडब्ल्यू 3988 को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान आरोपी अरूण बघेल निवासी छिंदगांव थाना दरभा तथा राजु कश्यप निवासी बड़े मुरमा थाना परपा के कब्जे से किंगफिशर सुपर प्रिमियम स्ट्रांग बीयर व विहस्की कुल 9.300 लीटर कीमत 3 हजार 570 रूपए व बाईक समेत 43 हजार 570 रूपए की संपति जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

अवैध शराब परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को भानपुरी पुलिस ने रानीगुडा-मुरकुची मार्ग में गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी दीपक बघेल 20 वर्ष, रूपेन्द्र कश्यप19 वर्ष तथा कमलेश कश्यप 19 वर्ष तीनों निवासी केशरपाल सड़कपारा थाना भानपुरी के कब्जे से किंग फिशर का केन बीयर 44 नग, मैकडावल विहस्की समेत 8 हजार रूपए की शराब, तीन मोबाईल व बाईक बरामद कर जब्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

## पांच बार के पार्षद यशवर्धन निर्दलीय कुबरे से पराजित



**जगदलपुर।** नेताजी सुभाषवार्ड से निर्दलीय कुबेर देवांगन ने 5 बार के पार्षद यशवर्धन राव को हरा दिया। यहां कांग्रेस प्रत्याशी हरीश साहू की हालत अत्यंत खराब रही।

सुभाष वार्ड भाजपा का गढ़ माना जाता है। पिछले 4 दशक से भाजपा का पार्षद यहां से जीतते रहे भाजपा प्रत्याशी यशवर्धन राव को बाहरी होने का नुकसान उठाना पड़ा। कभी बालाजी वार्ड और प्रतापदेव वार्ड के कांग्रेस प्रत्याशी पिछले 30 वर्षों से पार्षद रहे यशवर्धन राजनीति के लंबे सफर में हार का मुंह देखना पड़ा। जबकि कुबेर प्रारंभ से ही भाजपा से जुड़े रहे,लेकिन सुभाष वार्ड से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी यशवर्धन राव को संगठन से टिकिट मिलने के बाद कुबेर निर्दलीय चुनाव लड़ा।

## बचेली नपं अध्यक्ष पद पर राजू जायसवाल की जीत

**बचेली।** निकाय चुनाव के रण में अध्यक्ष पद के चुनावी मैदान पर कांग्रेस की पूजा साव, भाजपा के राजू जायसवाल, सीपीआई के नरेन्द्र सोनी और निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में सज्जन दीवान और लक्ष्मण कुमार थे। सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए भाजपा के राजू जायसवाल ने 3771 मतों से बड़ी जीत दर्ज की। कुल 13130 मतदाताओं में से 8740 ने मतदान किया, वहीं पूजा साव को 3260 मत मिले, वार्ड क्रमांक 1 से रघुनाथ मरकाम ( बाबू ) निर्दलीय प्रत्याशी विजय रहे। वार्ड क्रमांक 2 कांग्रेस से सलीम रजा उस्मानी, वार्ड क्रमांक 3 बीजेपी से हरीश शर्मा, वार्ड क्रमांक 4 बीजेपी से झिलकी, वार्ड क्रं. 5 कांग्रेस से विजय भोगामी, वार्ड क्रं. 6 बीजेपी से दीपक सरकार, वार्ड क्रं. 7 से विलासनी नाग, वार्ड क्रं. 8 से कांग्रेस से संजीव साव, वार्ड क्रं. 9 से अप्पू कुंजाम, वार्ड क्रं.10 से रीना डकूआ, वार्ड क्रं. 11 से मनोज साहा, वार्ड क्रं. 12 से बीना साहू, वार्ड क्रं. 13 से सतीश प्रेम चन्दानी, वार्ड 14 से किरण जयसवाल और बीजेपी के गढ़ कहे जाने वाले वार्ड क्रं. 15 से कांग्रेस प्रत्याशी सुनील गाइन ( गोलू ) ने जीत हासिल की हैं। वार्ड 16 से धनसिंह नाग, वार्ड 17 से श्यामलाल सेठिया और वार्ड 18 से सावित्री आचार्य विजय रहे।

## बम विस्फोट में घायल जवान रायपुर रेफर

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के नम्बी से कोबरा 202 बटालियन की टीम एरिया डॉमिनेशन के लिए निकली थी। तभी नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक कोबरा बटालियन की टीम एरिया डॉमिनेशल के लिए निकली हुई थी। इसी दौरान आईईडी की चपेट में आने से कोबरा 202 के आरक्षक अरूण कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी जवानों द्वारा उसे तत्काल घटनास्थल से निकालकर जिला अस्पताल बीजापुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया। घायल जवान की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है।



